देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 62 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**'देस' लौटना है



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 2 जून 2020



मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 21.0° | 33303.52

2 जासूसी प्रकरण पर पाक को लगी मिर्ची | 7 लार की कमी होगी महसूसः बुमराह

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना के मामले बढ़कर 1,90,535 हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोविड–19 के 8,392 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 1,90,535 हो गए हैं। वहीं 230 और लोगों की जान जाने के बाद वायरस से मरने वालों की संख्या 5,934 हो गई। कोरोना वायरस से सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में भारत सातवें नंबर पर है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार देश में अभी 93,322 लोगों का इलाज जारी है जबकि 91,818 ठीक हो चुके हैं और एक मरीज देश छोड़कर जा चुका है।

### एलओसी के रास्ते घुसपैठ, 3 आतंकवादी ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** राजौरी। जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले की नौशेरा तहसील में भारतीय सेना ने एलओसी के रास्ते घुसपैठ की कोशिश कर रहे 3 आतंकियों को मार गिराया है। इन आतंकियों के पास से सेना को भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी आतंकी एलओसी के रास्ते भारतीय इलाके में घुसपैठ कर रहे थे और इसी दौरान सेना ने इन्हें ढेर कर दिया। सैन्य प्रवक्ता के अनुसार, पाकिस्तानी सेना की शह पर नौशेरा में एलओसी के रास्ते आतंकी घुसपैठ की कोशिश की जा रही थी।

### पाक जासूसों ने 24 घंटे के अंदर भारत छोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तानी हाई कमिशन में तैनात जासूसों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक जासूस कुछ लोगों के साथ दिख रहा है। ये जासूस कारोबारी बनकर अधिकारियों से मिलते थे। इन जासूसों पर सुरक्षा एजेंसियां काफी समय से नजर रख रही थीं। इस बीच, भारत से निकाले गए दोनों जासूस पाकिस्तान पहुंच चुके हैं।

# उत्तराखंड में तेजी से बढ़ रहा कोरोना ग्राफ

### नैनीताल और दून सर्वाधिक प्रभावित जिलों में शुमार

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। नैनीताल और दून सर्वाधिक प्रभावित जिलों में शुमार है। जिस कारण दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के लिए भी चुनौतियां एकाएक बढ़ गई हैं। एक तरफ जहां मरीजों का बोझ बढ़ रहा है वहीं, अब स्टाफ भी संक्रमण से अछूता नहीं रहा। अस्पताल की एक महिला एनेस्थेटिस्ट में कोरोना की पुष्टि हुई है। अस्पताल में किसी चिकित्सक या कर्मचारी के संक्रमित होने का यह पहला मामला है।

स्टाफ को संक्रमण से मुक्त रखना तो अस्पताल के लिए चुनौती है ही, एक मुश्किल पर्याप्त वार्ड ब्वॉय, नर्स आदि का बंदोबस्त की भी है। क्योंकि अब स्टाफ मरीजों की संख्या के लिहाज से कम पड़ने लगा है। चिकित्सक पति और परिवार के अन्य सदस्य क्वारंटाइन दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एनेस्थीसिया विभाग की एक चिकित्सक की कोरोना की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कर दिया गया हैं। वहीं, उनके चिकित्सक पति और परिवार के अन्य सदस्यों को क्वारंटाइन किया गया हैं। डाक्टर के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद अस्पताल स्टाफ में भय है। डिप्टी एमएस डा. एनएस खत्री ने बताया कि महिला चिकित्सक की स्थिति सामान्य है। वह संक्रमित मरीजों के वार्ड और आइसीयू में ड्यूटी कर रही थीं। उनके पति भी अस्पताल में ही एक विभाग के एचओडी हैं, उन्हें एहतियात के तौर पर क्वारंटाइन किया गया है। बताया कि महिला चिकित्सक ड्यूटी के दौरान समीप ही एक होटल में ही रुक रही थीं।

## दून अस्पताल का स्टाफ भी आया जद में



### 20 स्टॉफ नर्स और 20 वार्ड ब्वॉय की होगी नियुक्ति

अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या के लिहाज से स्टाफ का बंदोबस्त करना भी चुनौती है। फिलवक्त यहां तीन सौ संक्रमित और संदिग्ध मरीजों को रखने की क्षमता है, जिसे 100 बेड और बढ़ाया जा रहा है। पर नर्सिंग स्टॉफ और वार्ड ब्वॉय उस अनुपात में नहीं हैं। अभी नियमित नर्सग स्टॉफ 83, संविदा स्टॉफ 45, मेडिकल कॉलेज के सात है। इसके अलावा कोरोना शुरू होने पर 80 नर्सिंग स्टॉफ भर्ती हुआ, उसमें से 10 गांधी और 14 को कोरोनेशन भेज दिया गया है। मुश्किल यह कि गाइडलाइन के मुताबिक सात दिन ड्यूटी करने के बाद स्टॉफ को क्वारंटाइन भी किया जा रहा है। जिस वजह से भी दिक्कत हो रही है। एमएस डॉ. केके टम्टा ने बताया कि 20 स्टॉफ नर्स और 20 वार्ड ब्वॉय की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वक्त रहते स्टाफ की व्यवस्था कर ली जाएगी।

### सीएम और तीन मंत्री सेल्फ क्वारंटाइन

आखिर एक चूक सरकार पर भारी पड़ गई। कोरोना पॉजिटिव पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के बीते शुक्रवार कैबिनेट में शामिल होने की वजह से मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और तीन मंत्री मदन कौशिक, हरक सिंह रावत व सुबोध उनियाल सेल्फ क्वारंटाइन रहेंगे। अलबत्ता कैबिनेट बैठक में शामिल रहे अधिकारी काबीना मंत्री सतपाल महाराज के क्लोज कॉन्टेक्ट में नहीं होने की वजह से कम रिस्क में हैं। वे सामान्य रूप से कामकाज कर सकेंगे।

## किसानों, एमएसएमई सेक्टर के लिए कई अहम फैसलों को मंजूरी

# भारत के 66 करोड़ लोगों के लिए बड़ा फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई नई दिल्ली। सोमवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें एमएसएमई क्षेत्र के लिए कई ऐतिहासिक घोषणाएं की गईं। ये फैसले एमएसएमई, किसान और रेहड़ी पटरी वालों के जीवन पर प्रभाव डालने वाले हैं। एमएसएमई को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा गया है, जिसकी संख्या करीब 6 करोड़ है। कोविड की महामारी के बाद पीएम ने एमएसएमई की आत्मनिर्भरता को पहचाना और उसे पैकेज भी दिया गया, ताकि वह संभल सकें। देखा जाए तो मोदी सरकार की घोषणाओं से 66 करोड़ लोगों को फायदा होगा, जिसमें 55 करोड़ खेती पर निर्भर लोग हैं, जबकि 11 करोड़ ऐसे लोग हैं जो एमएसएमई में काम कर रहे हैं।

एमएसएमई की परिभाषा को भारत सरकार ने आज और संशोधित किया है। इकाई की परिभाषा के तहत निवेश की सीमा बढ़ाकर 1 करोड़ के निवेश और 5 करोड़ का कारोबार कर दिया है। वहीं लघु इकाई निवेश की सीमा बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए और 50 करोड़ रुपए का कारोबार कर दिया गया है। मध्यम इकाई के तहत 20 करोड़ रुपए निवेश और 250 करोड़ रुपए का कारोबार कर दिया है।

**रेहड़ी वालों को लोन की सौगातः** यूनियन कैबिनेट की इस बैठक में रेहड़ी पटरी और ठेले वालों के लिए एक विशेष ऋष योजना की भी घोषणा हुई। इससे रेहड़ी पटरी ठेले वाले, छोटी दुकान वाले, सड़क पर माल बेचने वाले लोगों की क्षमता बढ़े और उनका काम चले, इसके लिए अधिक लोन दिया जाएगा और ये योजना लंबी चलेगी। इससे 50 लाख से अधिक लोग लाभान्वित होंगे।

**10 हजार तक का मिलेगा लोनः** फुटपाथ दुकानदारों को इस योजना के तहत 10 हजार रुपए का लोन दिया जाएगा, जिसे वह मासिक किश्तों में 1 साल में लौटा सकते हैं। समय से भुगतान में 7 फीसदी वार्षिक ब्याज सब्सिडी के रूप में लाभार्थी के खाते में डाल दिए जाएंगे।

**किसानों के लिए भी अहम घोषणाएंः** मोदी कैबिनेट की इस बैठक में किसानों के लिए भी बड़े फैसले किए गए, जो अहम हैं। 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य जारी भी कर दिया है। किसान को ब्याज में छूट और अदायगी में मोहलत का फायदा मिलेगा।

### एमएसएमई को 20 हजार करोड़ का लोन

बैठक में आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत घोषणाओं के लिए रोडमैप तैयार किया जा चुका है। प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि इन घोषणाओं से एमएसएमई क्षेत्र में निवेश आएगा और नौकरियां पैदा होंगी। संकट में फंसे एमएसएमई को इक्विटी सहायता देने को घोषणा हुआ है, जिसके तहत 20 हजार करोड़ रुपए की सहायता के प्रावधान पर मुहर लग गई है।



# दिल्ली ने एक हफ्ते को सील किए बॉर्डर

### ■उत्तर प्रदेश और हरियाणा जाने की सिर्फ इन्हें छूट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना को लेकर राज्य सरकारों की तनातनी दिल्ली, नोएडा और गुड़गांव में काम करने वालों पर भारी पड़ रही है! यूपी और हरियाणा सरकार के बाद अब केजरीवाल सरकार ने भी दिल्ली की सीमाएं सील करने का ऐलान कर दिया है। लॉकडाउन को जब देशभर में अनलॉक करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, ऐसे में दिल्ली सरकार के इस फरमान ने दिल्ली–एनसीआर में काम करने वालों को मुश्किल में डाल दिया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के अस्पताल में दूसरों राज्यों के मरीज न भर जाएं, इसके चलते फिलहाल उन्हें सीमाएं एक हफ्ते के लिए बंद करने का फैसला करना पड़ रहा है। यानी दिल्ली से लोग अब हरियाणा और उत्तर प्रदेश नहीं जा पाएंगे। न ही उधर से लोग दिल्ली आ पाएंगे।

दिल्ली सरकार का यह आदेश ऐसे वक्त में आया है जब उत्तर प्रदेश सरकार ने बॉर्डर पहले से बंद किए हुए हैं, वहीं हरियाणा ने बॉर्डर खोलने की बात तो कही लेकिन गाइडलाइन नहीं आने की वजह से स्थिति पहले जैसी है। इसके चलते सोमवार को दिल्ली–गुड़गांव काम करने वाले कई लोगों को वापस घर लौटना पड़ा।

# भारत में कम्युनिटी ट्रांसमिशन की पुष्टि!

### घनी और मध्यम आबादी वाले क्षेत्रों में पुष्टिः स्वास्थ्य विशेषज्ञ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एम्स के डॉक्टरों और आईसीएमआर शोध समूह के दो सदस्यों सहित स्वास्थ्य विशेषज्ञों के एक समूह का कहना है कि देश की घनी और मध्यम आबादी वाले क्षेत्रों में कोरोना वायरस संक्रमण के सामुदायिक प्रसार यानी कम्युनिटी ट्रांसमिशन की पुष्टि हो चुकी है। वहीं सरकार बार–बार यह कह रही है कि भारत में कोरोना वायरस संक्रमण सामुदायिक प्रसार के स्तर पर नहीं पहुंचा है जबकि सोमवार तक देश में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 5,394 पर पहुंच गई और संक्रमण के कुल मामले 1,90,535हो गए हैं। भारतीय लोक स्वास्थ्य संघ,इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन और आईएई के विशेषज्ञों द्वारा संकलित एक रिपोर्ट पीएम को सौंपी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है, देश की घनी और मध्यम आबादी वाले क्षेत्रों में कोरोना वायरस संक्रमण के सामुदायिक प्रसार की पुष्टि हो चुकी है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in